# ग्राम पंचायत कलोह, विकास खण्ड गगरेट, जिला ऊना के लेखाओं का
# अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
# अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024
## भाग-1

1 **(क) प्रस्तावना :-**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत कलोह, विकास खण्ड गगरेट, जिला ऊना के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखाओं का प्रथम अंकेक्षण कार्य हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत कलोह में निम्नलिखित प्रधान व सचिव कार्यरत रहे :-**

**प्रधान :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती नीलम कुमारी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**पंचायत सचिव:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री शैलेंदर सिंह | 01.04.2022 से 09.03.2023 |
| 2. | श्रीमती नीलम कुमारी | 10.03.2023 से 31.03.2024 |

## (ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:-

ग्राम पंचायत कलोह, विकास खण्ड गगरेट, जिला ऊना के लेखाओं अवधि 01.04.22 से 31.03.24 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से था :-

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1) | 6.1 | अनुदान उपयोग हेतु शेष | 19.70 |
| 2) | 7.1 (क) | पंचायत राजस्व गृहकर की वसूली शेष | 0.71 |
| 3) | 7.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क को सरकारी कोष में जमा न करना | 0.06 |
| 4) | 8.1 | क्रय की गई सामग्री की स्टॉक प्रविष्टियाँ न करना | 10.54 |
| 5) | 8.2 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना निर्माण सामग्री का क्रय करना | 7.29 |
| 6) | 8.3 | आपूर्तिकर्ता के बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करना | 0.51 |
| 7) | 8.4 | आपूर्तिकर्ता के बिलों से स्त्रोत पर जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करना | 0.18 |
| 8) | 9.1 | उचित बिलों के बिना भुगतान करना | 4.60 |
| 9) | 9.3 | व्यय के मूल्यांकन से सम्बन्धित माप पुस्तिकाएं अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना | 0.96 |

## भाग-2

## 2 वर्तमान अंकेक्षण :-

ग्राम पंचायत कलोह, विकास खण्ड गगरेट, जिला ऊना के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण श्री देव राज, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक

19.06.2024 से 26.06.2024 तक ग्राम पंचायत कलोह के कार्यालय में किया गया | आय-व्यय की विस्तृत जांच हेतू मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व: स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया :-

| **वित्तीय वर्ष** | **आय** | **व्यय** |
|---|---|---|
| 2022-23 | 03/2023 | 07/2022 |
| 2023-24 | 10/2023 | 07/2023 |

"इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है | उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना / अभिलेख के अपूर्ण / गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतू हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। "

3 **अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत कलोह, विकास खण्ड गगरेट, जिला ऊना के अवधि 01/04/22 से 31/03/24 तक के लेखाओं का अंकेक्षण शुल्क **₹4800** आंका गया | उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट / मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित करने हेतू अंकेक्षण अधियाचना संख्या 557/2024 दिनांक 26/06/2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायत कलोह द्वारा काँगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित गगरेट के बैंक ड्राफ्ट संख्या KAA 563673 दिनांक 29/06/2024 द्वारा उक्त राशि को निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित कर दिया गया।

4 **(क) वित्तीय स्थिति:-**

सचिव, ग्राम पंचायत कलोह द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 537/2024 दिनांक 19/06/2024 के प्रत्युतर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार पंचायत के अवधि 04/22 से 03/24 के लेखाओं की संकलित वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी, जिसका विस्तृत विवरण **सलंग्न परिशिष्ट "क"** पर दिया गया है | ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान चार रोकड़ बहियों अर्थात् स्व:

स्त्रोत व अनुदान (समेकित रोकड़ बही) Offline, 15वां वित्तायोग (Online), इंदिरा आवास योजना (Offline) व मनरेगा (online) का रख-रखाव किया गया था।

| संकलित वित्तीय स्थिति | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| **क्रम संख्या** | **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **आय ब्याज सहित (₹)** | **कुल योग (₹) (3+4)** | **व्यय (₹)** | **अंतिम शेष (₹) (5-6)** |
| 1 | 2022-23 | 2061247 | 6873466.18 | 8934713.18 | 7098890.18 | 1835823 |
| 2 | 2023-24 | 1835823 | 2697884 | 4533707 | 2563322 | 1970385 |

**(ख) बैंक समाधान विवरणी :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत कलोह के अंकेक्षण अवधि के अंत में दिनांक 31.03.2024 को **निम्नानुसार** रोकड़ बही तथा बैंक खातों में अन्तर **₹86779.30** था :-

| | | |
|---|---|---|
| 1) | दिनांक 31.03.2024 को रोकड़ बही खाता पैरा 4(क) का अंतशेष | 1970385.00 |
| 2) | दिनांक 31.03.2024 को बैंक का अन्तशेष **(परिशिष्ट क-2)** | **2056501.30** |
| 3) | दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत राशि (स्व: स्त्रोत व अनुदान) | 663.00 |
| 4) | **योग (2+3)** | **2057164.30** |
| 5) | **अन्तर (4-1)** | **86779.30** |

**(ग) अंतर के कारण :-**

**(i)** दिनांक 31.03.2024 को स्व: स्त्रोत व अनुदान (समेकित) शीर्ष से केदार इंडस्ट्री गगरेट को उनके बिल संख्या KI/2023-24/365 दिनांक 15.12.23 द्वारा **₹44840** का भुगतान फर्नीचर के क्रय हेतु किया गया, परन्तु जिसका बैंक द्वारा भुगतान दिनांक 31.03.24 तक नहीं किया गया।

**(ii)** दिनांक 01.01.24 को **₹8800** ब्याज का क्रेडिट दिया गया, जिसे दिनांक 31/03/24 तक 15वें वित्तायोग शीर्ष की रोकड़ बही के आय पक्ष में लेखांकित नहीं किया गया। अतः अपेक्षित लेखांकन करके अनुपालना अंकेक्षण को दिखाई जाए।

कुल अन्तर (44840 + 8800) = 53640

**(iii) रोकड़ बहियों का अनुरक्षण न करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 के अनुसार फार्म 14 पर रोकड़ बही का रख-रखाव किया जाना अनिवार्य है। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 542/2024 दिनांक 20/06/2024 के प्रत्युतर में अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा **परिशिष्ट-क-2** पर प्रस्तुत बैंक खातों की सूची अनुसार **निम्न विवरणानुसार** खाते से सम्बन्धित रोकड़ बहियों का अनुरक्षण नहीं किया गया था, क्योंकि उक्त खाते में ब्याज के अतिरिक्त कोई भी लेन-देन नहीं हुआ था तथा न ही अंकेक्षण अवधि दौरान रोकड़ बही के आय व व्यय पक्ष में कोई इन्द्राज किया गया था। अतः रोकड़ बही का रख-रखाव न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व वांछित अभिलेख शीघ्र तैयार करके अनुपालना से अंकेक्षण को दिखाया जाए। इसके अतिरिक्त निम्न खाते में अनुपयुक्त राशि का नियमानुसार उपयोग किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए :-

| **क्रम संख्या** | **बैंक का नाम** | **खाता संख्या** | **मद का नाम** | **दिनांक 31.03.2024 को राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | HDFC Gagret | 50100298297989 | (SBM) | 0.00 |
| 2 | PNB Gagret | 3986000100060270 | (GRDC) | 33046.00 |
| 3 | HDFC Gagret | 50100298298213 | ($14^{th}$ FC) | 93.30 |

**कुल अंतर (53640 + 31139.3) = 86779.3**

**(घ) खाता बहियों का रख-रखाव न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 के अनुसार पंचायत को खाता बहियों का रख-रखाव किया जाना अनिवार्य है। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों में लेखांकित आय–व्यय के सम्बन्ध में नियमानुसार खाता बहियां नहीं बनाई गई थी | खाता बहियाँ नहीं बनाए जाने के कारण प्राप्त अनुदानों और स्वयं स्त्रोत की आय-व्यय को अलग-अलग नहीं किया जा सका। अतः भविष्य में उक्त नियमानुसार खाता बहियों का रख-रखाव किया जाए तथा वांछित कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

## 5 सावधिक निवेश :-

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 537/2024 दिनांक 19/06/2024 की अनुपालना में पंचायत सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-226 दिनांक 26/06/2024 द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार पंचायत का अवधि 04/22 से 03/24 तक सावधि जमा योजना में निवेश शून्य था | अतः पंचायत सचिव को परामर्श दिया जाता है कि स्वयं स्त्रोत तथा अनुदान से सम्बन्धित रोकड़ बहियों का अलग-अलग रख-रखाव करके, स्वयं स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्राम पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए |

## 6 अनुदान

### 6.1 अनुदान ₹19.70 लाख उपयोग हेतु शेष :-

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार पंचायत द्वारा प्राप्त विभिन्न अनुदानों को फंडिंग एजेंसी के दिशा निर्देशों अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है। पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 537/2024 दिनांक 19/06/2024 के प्रत्युतर में प्रस्तुत सूचना जोकि **(परिशिष्ट क)** पर सलंग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक अनुदान में (स्वः स्त्रोत सहित) प्राप्त राशियों में **₹1970385** की राशि उपयोग हेतू शेष थी | ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतू प्राप्त अनुदानों के स्वीकृति पत्र की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय करना अपेक्षित है। अतः ऐसे अनुदान जिनकी विहित अवधि समाप्त हो चुकी हो, तो इसका कारण स्पष्ट करते हुए सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए |

### 6.2 अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 88 के अनुसार पंचायत को दिए गए अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा सकता है, जिसके लिए अनुदान मंजूर किए गए हैं एवं उस अधिकारी को जिसने अनुदान मंजूर किए हैं, को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है | इस सन्दर्भ मे जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 537/2024 दिनांक 19/06/2024 के प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या

GPK-226 दिनांक 26/06/2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि विभिन्न अनुदानों के व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में जाँच हेतू प्रस्तुत कर दिए जाएंगे | अतः अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना शीघ्र अंकेक्षण को दिखाई जाए।

**6.3 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न करवाना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख उपलब्ध करवाने हेतु जिम्मेदार होगा । अंकेक्षण अधियाचना संख्या 537/2024 दिनांक 19/06/2024 द्वारा मांगी गई सूचना के प्रतिउत्तर में अपने पत्र संख्या GPK-226 दिनांक 26/06/2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किए गए अनुदानों के आदेश / स्वीकृति पत्र पंचायत में प्राप्त नही हुए हैं तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरांत मौखिक रूप में अनुदानों के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है। यह एक अनुचित प्रक्रिया है क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता | अत: अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सकता कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे | अतः उक्त आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करके अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**स्वयं स्त्रोत**

**7.1 पंचायत राजस्व ₹0.71 लाख की वसूली हेतु शेष :-**

**(क)** हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत को सम्पत्ति कर / गृहकर की वसूली करना अपेक्षित था | पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 537/2024 दिनांक 19/06/2024 के क्रम संख्या 4 के प्रतिउत्तर में अपने पत्र संख्या GPK-226 दिनांक 26/06/2024 द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 31.03.2024 तक पंचायत राजस्व गृहकर की राशि **₹71150 (परिशिष्ट ख** अनुसार**)** वसूली हेतू शेष थी :-

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | मांग (₹) | योग (₹) | प्राप्ति (₹) | वसूली हेतू शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | 48350 | 60400 | 108750 | 0 | 108750 |
| 2023-24 | 108750 | 60400 | 169150 | 98000 | 71150 |

अतः गृहकर की राशि की वसूली न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व इसकी शीघ्र वसूली करके अनुपालना अंकेक्षण को दिखाई जाए।

**ख)** हि० प्र० पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 और 77 के अनुसार फार्म 10 पर पंचायत के गृहकर की मांग और संग्रहण रजिस्टर तैयार करना अपेक्षित था | अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के लिए पंचायत के गृहकर का मांग और संग्रहण रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था | अतः गृहकर का मांग एवं संग्रहण रजिस्टर तैयार न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार अभिलेख तैयार करना सुनिश्चित किया जाए |

**7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क की राशि ₹0.06 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाना :-**

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश की अधिसूचना संख्या-SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹200/- प्रति पंजीकरण तथा देरी के लिए दोगुनी दर से पंजीकरण शुल्क प्राप्त की जानी निर्धारित है जिसे समय- समय पर वसूल करने के उपरान्त हि० प्र० विवाह पंजीकरण नियम, 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित लेखा शीर्ष 0235-00-800-03 में जमा करवाया जाना अपेक्षित है। लेकिन अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में **(सलंग्न परिशिष्ट ग अनुसार)** वसूली गई राशि **₹6400** को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया था जिसका विवरण निम्नलिखित प्रकार से है:-

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 2022-23 | 3600 |
| 2 | 2023-24 | 2800 |
| | **योग** | **6400** |

अतः इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 544/2024 दिनांक 24/06/2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा स्पष्ट किया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा। अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई सम्पूर्ण राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**7.3 विवाह पंजीकरण शुल्क ₹200 की कम वसूली करना :-**

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश की अधिसूचना संख्या-SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.16 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹200/- प्रति पंजीकरण तथा देरी के लिए दोगुनी दर से पंजीकरण शुल्क प्राप्त की जानी निर्धारित है जिसे समय- समय पर वसूल करने के उपरान्त हि० प्र० विवाह पंजीकरण नियम, 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित लेखा शीर्ष 0235-00-800-03 में जमा करवाया जाना अपेक्षित है। लेकिन अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान **सलंग्न परिशिष्ट ग में** वर्णित मामलों में विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में निर्धारित दरों **से ₹200/-** की कम वसूली की गई थी।

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 2022-23 | 200 |

अत: इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 545/2024 दिनांक 24/06/2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा स्पष्ट किया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में कम वसूल की गई राशि की वसूली सम्बन्धित से करके, राजकीय कोष के मद 0235-00-800-03 में जमा करवा दी जाएगी। अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में कम वसूल की गई राशि की वसूली शीघ्र अति शीघ्र करके सरकारी कोष में जमा करवाई जानी सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**8.1 ₹10.54 लाख सामग्री की स्टॉक प्रविष्टियाँ न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 69 और 72 के अनुसार स्टॉक रजिस्टर का रख-रखाव व स्टोर / स्टॉक की प्राप्ति व खपत सम्बन्धी अभिलेख तैयार किया जाना अपेक्षित है। परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 04/22 से 03/24 के चयनित माह 07/2022 व 07/2023 में **सलंग्न परिशिष्ट "घ" अनुसार ₹1053960** की सामग्री का क्रय किया गया था, लेकिन उक्त क्रय किए गए सामान की स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति प्रविष्टियाँ व खपत / जारी करने से सम्बन्धित अभिलेख दर्ज नहीं था | उपरोक्त प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 548/2024 दिनांक 25/06/2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत कलोह के ध्यानार्थ लाया गया | प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त स्टॉक प्रविष्टियाँ स्टॉक रजिस्टर में कर ली जाएगी | अत: वांछित अभिलेख तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व उक्त सम्पूर्ण क्रय की गई सांमग्री की सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति प्रविष्टियाँ व खपत से सम्बन्धित अभिलेख तैयार करने के उपरांत सत्यापनार्थ हेतू अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए |

**8.2 औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ₹7.29 लाख की निर्माण सामग्री का क्रय करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) द्वारा स्टॉक / स्टोर का क्रय करने की औपचारिकताएं प्रावधित हैं | व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत पंचायत द्वारा सलंग्न **परिशिष्ट "ड."** अनुसार कुल **₹728604** की सामग्री में से **₹473544** की सामग्री का क्रय निविदाएँ आमंत्रित किए बिना ही किया गया था तथा शेष **₹255060** (728604-473544) की सामग्री जैसे सोलर लाइट्स का क्रय मात्र तीन नंबर निविदाएँ आमंत्रित करके किया गया था | जबकि उक्त क्रय

हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वीकृत माध्यम हिम उर्जा से किया जाना वांछित था, जोकि नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है । अत: इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 547/2024 दिनांक 25/06/2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित अनियमितता को भविष्य में नहीं दोहराया जाएगा | उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि उक्त क्रय के सन्दर्भ में किया गया भुगतान नियमों के विपरीत है । अतः उक्त व्यय को तथ्यों सहित न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा इसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाये । सचिव को परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में नियमानुसार ही सामग्री का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए । अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए ।

**8.3 आपूर्तिकर्ता के बिलों से ₹0.51 लाख रॉयल्टी की कटौती न करना :-**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास "फार्म डब्ल्यू" या सप्लीमेंटरी पास "फार्म एक्स" उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वित्तीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी के साथ करना होगा |

चयनित माह 07/2022 व 07/2023 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री जैसे पत्थर,रेत, बजरी इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए | परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को **सलंग्न परिशिष्ट "च"** अनुसार **₹51137.34** का अनियमित भुगतान किया गया | इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 555/2024 दिनांक 26/06/2024 के प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित रॉयल्टी की कटौती नहीं की गई है जिसे भविष्य में नियमानुसार काटा जाएगा अथवा ट्रांजिट पास फार्म लिया जाएगा | उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि ट्रांजिट पास की अनुपस्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25% पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था |

अत: **₹51137.34** की रॉयल्टी की कटौती न करके किये गये अनियमित भुगतान से सम्बन्धित मामला जिला के खनन अधिकारी से उठाया जाए व तदानुसार इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हिमाचल प्रदेश सरकार के आय लेखा शीर्षक: "0853-Non Ferrous Mining

and Metallurgical Industries, 102-Mineral Concession Fees and Royalties, 81-Other receipts" में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

## 8.4 आपूर्तिकर्ता के बिलों से ₹0.18 लाख स्त्रोत पर 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करना :-

हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम, 2017 की धारा 51 तथा हि.प्र. आबकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78 EXN-TAX-Part(278/25)-29056 दिनांक 29/09/2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति / फर्म / संस्था / स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local authority / Govt. Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति, फर्म को सेवाएं तथा वस्तुएं प्रदान करने के बदले एक वित्तीय वर्ष में **₹**250000/- से अधिक राशि के भुगतान पर 2% (1% सी.जी.एस.टी. + 1% एस.जी.एस.टी.-अन्तर्राज्यीय आपूर्ति तथा 2% आई.जी.एस.टी.-अंतर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति / फर्म / संविदाकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है तथा उक्त कटौती की राशि को अगले माह 10 तारीख से पहले सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया जाना अपेक्षित है | परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में आपूर्तिकर्ता को सामग्री की आपूर्ति के लिए **परिशिष्ट "छ"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुसार **₹916415.32** (जी.एस.टी. को छोडकर) भुगतान किया गया था | लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा स्त्रोत पर **₹18328.30** की 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. के रूप में कटौती नहीं की गई थी जोकि नियमानुसार अनुचित है :-

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | फर्म / व्यक्ति का नाम | क्रय सामान का विवरण | राशि (₹) | योग (₹) | जी.एस.टी.टी.डी.एस. की कटौती योग्य राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022-23 | RUDRA SOLAR ENTERPRISES MUBARIKPUR | SOLAR LIGHTS | 455464.32 | 455464.32 | 9109.28 (2% x 455464.32) |
| 3 | 2022-23 | संजीव कुमार गांव कलोह | रेत, बजरी ढुलाई इत्यादि | 460951.00 | 460951.00 | 9219.02 (2% x 460951.00) |
| | | | | **योग** | **916415.32** | **18328.30** |

अत: इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 551/2024 दिनांक 25/06/2024 के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित **₹18328.30** जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती बिलों में से नहीं की गई है, जिसे भविष्य में नियमानुसार काटा जाएगा | उत्तर संतोषजनक नहीं है। अत: जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अपेक्षित राशि की वसूली सम्बन्धित फर्मो / व्यक्तियों से करने उपरान्त सम्पूर्ण राशि सम्बन्धित विभाग में जमा करवाई जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**8.5 निर्माण कार्य में सीमेंट को खपत से अधिक जारी करने के कारण ₹0.03 लाख का अधिक भुगतान :-**

ग्राम पंचायत के अंकेक्षण अवधि 04/22 से 03/24 के चयनित माह 07/2022 में मनरेगा शीर्ष से करवाए गए **निम्नानुसार** निर्माण कार्य के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि माप पुस्तिका में निर्माण सामग्री सीमेंट का उपयोग कम किया गया दर्शाया गया था, जबकि मात्रा अधिक जारी की गई थी। शेष बची हुई सामग्री को सामग्री स्टॉक रजिस्टर में भी वापिस नहीं लिया गया था | इस प्रकार ग्राम पंचायत द्वारा **निम्न विवरनानुसार** सामग्री को खपत से अधिक जारी करने के कारण **₹3420** का अधिक भुगतान किया गया :-

**क) निर्माण कार्य का नाम :- C/O khel ka Madhan GPS Shastri Nagar**

| मापन पुस्तिका व पृष्ठ संख्या | मद का नाम | मात्रा (धन मीटर) | सीमेंट (बैग) |
|---|---|---|---|
| 26168<br>40 to 41 | CC 1:6:12 | 10.65 | 23.43 |
| 26168<br>40 to 41 | CC 1:2:4 | 7.10 | 45.44 |
| | | **योग** | **69 बैग** |
| | **ग्राम पंचायत द्वारा जारी / खपत मात्रा** | | **80 बैग** |
| | **अधिक खपत / जारी निर्माण सामग्री** | | 11 बैग |
| | **क्रय दर** | | 310.92 प्रति बैग |
| | **अधिक भुगतान** | | **3420** |

उक्त अनियमितता का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 556/2024 दिनांक 26/06/2024 के अन्तर्गत सचिव ग्राम पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया। प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली सम्बन्धित से करके मनरेगा मद के खाता संख्या 41930001000031015 में जमा करवाकर अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवा दिया जाएगा |

**9.1 उचित बिलों के बिना ₹4.60 लाख का भुगतान करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम, 2002 के नियम 47 (2) के अनुसार दावाकर्ता को अपने दावे उचित बिल पर प्रस्तुत करना अपेक्षित है | अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि विभिन्न शीर्षों से **सलंग्न परिशिष्ट "ज"** में वर्णित आपूर्तिकर्ताओं को सामग्री की आपूर्ति हेतु **₹459951** का भुगतान किया गया था। लेकिन आपूर्तिकर्ता से उचित बिल प्राप्त न करके केवल कोरे कागज पर बिल बनाकर भुगतान किया गया था जोकि नियमानुसार उचित नहीं है । उक्त अनियमितता का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 550/2024 दिनांक 25/06/2024 के अन्तर्गत सचिव, ग्राम पंचायत कलोह के ध्यानार्थ लाया गया। प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्बन्धित व्यक्तियों से उचित बिल प्राप्त कर लिए जाएंगे। अतः उक्त आपूर्तिकर्ता से उचित बिल प्राप्त न करके केवल कोरे कागज पर बिल बनाकर भुगतान करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता से उचित बिल प्राप्त किए जाने सुनिश्चित किए जाएँ। अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए |

**9.2 ₹1.00 लाख के कार्यों से सम्बन्धित प्रस्ताव, प्राक्कलन, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम, 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को पंचायत लेखों से सम्बन्धित उपयुक्त अभिलेख प्रस्तुत करना अपेक्षित है | इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 546/2024 दिनांक 25/06/2024 द्वारा पंचायत सचिव से **₹100056 के निम्न विवरणानुसार** कार्यों से सम्बन्धित अभिलेख जैसे कि प्रस्ताव संख्या, प्राक्कलन, तकनीकी व प्रशासनिक स्वीकृति, 34 नंबर फॉर्म को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने की मांग की गई, जिसके प्रत्युत्तर में अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित कार्यों से सम्बन्धित अभिलेख

जाँच हेतु आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिए जाएंगे | उत्तर संतोषजनक नहीं है, क्योंकि नियमानुसार अंकेक्षण में अभिलेख प्रस्तुत न करना अनियमित व आपत्तिजनक है | अतः अपेक्षित अभिलेक्ष शीघ्र अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

| क्रम संख्या | मद का नाम | माह | निर्माण कार्य का नाम | चयनित माह में भुगतान की गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व: स्त्रोत व अनुदान (समेकित) | 07/2022 | खाता निर्माण शौचालय पंचवटी (SBM) | 17458 |
| 2 | स्व: स्त्रोत व अनुदान (समेकित) | 07/2022 | खाता निर्माण रास्ता जस्वाला राकेश कुमार, पूर्ण, दिलबाग etc. | 4603 |
| 3 | स्व: स्त्रोत व अनुदान (समेकित) | 07/2022 | खाता कम्पलीशन सामुदायिक भवन वार्ड नंबर 1 | 53920 |
| 4 | 15वां वित्तायोग | 07/2022 | C/O Drain And Soakpit Muhlla Beli | 24075 |
| | | | **योग** | **100056** |

**9.3 ₹0.96 लाख के व्यय से सम्बन्धित माप पुस्तिकाएं अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम, 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण को पंचायत लेखों से सम्बन्धित उपयुक्त अभिलेख प्रस्तुत करना अपेक्षित है | अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा चयनित माह 07/2022 व 07/2023 में सलंग्न **परिशिष्ट "झ"** में वर्णित कार्यों हेतु प्रयोग की गई सामग्री के लिए बिलों व मस्ट्रोलों के अन्तर्गत **₹95999** का भुगतान किया गया था | उपरोक्त उल्लेखित कार्यों से सम्बन्धित माप पुस्तिकाएं अंकेक्षण अधियाचना संख्या 549/2024 दिनांक 25/06/2024 द्वारा सत्यापना हेतू अंकेक्षण में प्रस्तुत करने की मांग की गई, जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि उक्त कार्यों से सम्बन्धित माप पुस्तिकाएं सत्यापना हेतु आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दी जाएगी। नियमानुसार अंकेक्षण में अभिलेख प्रस्तुत न करना अनियमित व आपत्तिजनक है। परिणामस्वरूप किए गए कार्य के मूल्यांकन की जांच नहीं हो सकी। अतः अपेक्षित अभिलेक्ष शीघ्र अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाए।

### 10.1 वाउचरों पर प्रस्ताव संख्या व दिनांक अंकित न होना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(1) के अनुसार प्रत्येक वाउचर पर प्रस्ताव संख्या व दिनांक अंकित करना अनिवार्य है, जिस प्रस्ताव के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा व्यय प्राधिकृत किया गया था। परन्तु ग्राम पंचायत के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि वाउचरों पर प्रस्ताव संख्या व दिनांक उल्लेखित नहीं थी, जिनके कुछ उदाहरण निम्न प्रकार से है। अत: इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 553/2024 दिनांक 26/06/2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि भविष्य में प्रत्येक वाउचर पर प्रस्ताव संख्या व दिनांक अंकित करने के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा। अतः कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये।

| क्र० सं० | शीर्ष का नाम | बिल संख्या व दिनांक | सामग्री का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | 49, 04.12.21 | रेत, बजरी इत्यादि | 29300 |
| 2 | मनरेगा | 91, 14.02.22 | रेत, बजरी इत्यादि | 32500 |
| 3 | मनरेगा | 56, 08.12.21 | रेत, बजरी इत्यादि | 29300 |
| 4 | मनरेगा | 50, 04.12.21 | रेत, बजरी इत्यादि | 29300 |
| 5 | मनरेगा | 47, 04.12.21 | रेत, बजरी इत्यादि | 25100 |

### 10.2 भुगतान वाउचरों पर सयुंक्त हस्ताक्षर न करना :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 49(1) के अनुसार किसी भी वाउचर द्वारा तब तक भुगतान नहीं किया जाएगा जब तक कि ग्राम पंचायत के प्रधान व सम्बद्ध पंचायत सचिव द्वारा इस पर सयुंक्त हस्ताक्षर नहीं किए जाते हैं। परन्तु ग्राम पंचायत के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त नियम की अनुपालना ग्राम पंचायत द्वारा नहीं की गई थी, जिनके कुछ उदाहरण निम्न प्रकार से है। अत: इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 554/2024 दिनांक 26/06/2024 के प्रत्युत्तर में

सचिव द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-228 दिनांक 26/06/2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि भविष्य में प्रत्येक वाउचर पर सयुंक्त हस्ताक्षर करने के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा। अतः कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये।

| क्र० सं० | शीर्ष का नाम | बिल संख्या व दिनांक | सामग्री का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | 49, 04.12.21 | रेत, बजरी इत्यादि | 29300 |
| 2 | मनरेगा | 91, 14.02.22 | रेत, बजरी इत्यादि | 32500 |
| 3 | मनरेगा | 56, 08.12.21 | रेत, बजरी इत्यादि | 29300 |
| 4 | मनरेगा | 50, 04.12.21 | रेत, बजरी इत्यादि | 29300 |
| 5 | मनरेगा | 47, 04.12.21 | रेत, बजरी इत्यादि | 25100 |

### 10.3 अग्रिम राशि ₹1.73 लाख समायोजन हेतू शेष :-

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 537/2024 दिनांक 19/06/2024 के क्रम संख्या 10 की अनुपालना में अपने पत्र संख्या GPK-226 दिनांक 26/06/2024 द्वारा प्रदान की गई सूचना अनुसार दिनांक 31.03.2024 तक हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन गगरेट को सीमेंट के क्रय हेतू **निम्नानुसार ₹310920** का अग्रिम प्रदान किया गया था, लेकिन दिनांक 31.03.24 तक उक्त राशि में से **₹137737.56** का समायोजन ही हुआ | अतः हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति कारपोरेशन गगरेट से उक्त राशि में से असमायोजित राशि ₹**173182.44** को समायोजित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए :-

| क्रम सं. | शीर्ष का नाम | बिल संख्या व दिंनाक | फर्म का नाम एवं पता जिसे अग्रिम जारी किया गया | सामान का विवरण | अग्रिम राशि (₹) | दिनांक 31/03/24 तक समायोजित राशि (₹) | दिनांक 31/03/24 तक समायोजन हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | 004472, 004473<br>23.03.2022 | HP CIVIL SUPPLIES COR. LTD. SHIMLA | सीमेंट | 310920 | 137737.56 | 173182.44 |

**11.1 विहित रजिस्टरों का रख-रखाव न करना :-**

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 538/2024 दिनांक 19/06/2024 द्वारा पंचायत सचिव से निम्न रजिस्टरों / अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने की मांग की, जिसे हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के अंतर्गत बनाया जाना वांछित था । प्रतिउत्तर में सचिव, द्वारा अपने पत्र संख्या GPK-227 दिनांक 26/06/2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि पंचायत द्वारा इन रजिस्टरों / अभिलेखों का रख-रखाव नहीं किया जा रहा है । यह अनियमित व आपत्तिजनक है | अतः नियमानुसार इन अभिलेखों व रजिस्टरों का रख-रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए |

| **क्रम संख्या** | **रजिस्टर / अभिलेख** | **फार्म संख्या** | **संदर्भित नियम** |
|---|---|---|---|
| 1 | अस्थाई अग्रिम रजिस्टर | 9 | 30 |
| 2 | विभिन्न अनुदानों के लेजर खाते | 7 | 29(1) |
| 3 | मांग एवं प्राप्ति रजिस्टर | 10 | 33 व 77(4) |
| 4 | बजट प्राक्कलन | 11 | 37 |
| 5 | अनुदान रजिस्टर | 21 | 61(1) |
| 6 | डाक टिकट रजिस्टर | 24 | 61(1) |
| 7 | स्थाई एवं अस्थाई भण्डार रजिस्टर | 25 व 26 | 72(1) |
| 8 | निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति का रजिस्टर | 31 | 95(1) |
| 9 | बैंक समाधान विवरणी | -- | 7 (3) व 10 (1) |
| 10 | निर्माण कार्यों का रजिस्टर | -- | 103 |

